नल-जल योजना के नाम पर एलसीसी बरपा रही कहर

जल निगम के संरक्षण में संविदाकार की जारी है मनमानी, मप्र. बाणसागर जल विद्युत की जमीन में किया अतिक्रमण, बिना अनुमति खोदी सड़क तोड़ी नहर

नवभारत फाओअप

सीधी, 23 अप्रैल। नल-जल योजना के नाम पर एलसीसी बरपा कहर रही है। जल निगम के संरक्षण में संविदाकार की मनमानी जारी है। म.प्र. बाणसागर जल विद्युत की जमीन में अतिक्रमण कर बिना अनुमति सड़क खोदी और नहर तोड़ी।

एलसीसी कम्पनी द्वारा बघवारांचल में कार्य की शुरुआत के साथ ही सभी नियमों एवं मापदंडों को ताक पर रखकर कार्य किया जा रहा है। कम्पनी द्वारा बाणसागर जल विद्युत परियोजना के सीडब्ल्यूसी नहर के दोनो तरफ अतिक्रमण कर पानी टंकी का निर्माण शुरू किया गया। यह भूमि मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कम्पनी लिमिटेड सिलपरा की होने से उसके द्वारा एसडीएम रामपुर नैकिन के यहां पत्र क्रमांक 94-84, दिनांक 7 फरवरी 2025 को भेजकर अवैध अतिक्रमण को हटाने की मांग की गई। जिस पर तहसीलदार रामपुर नैकिन द्वारा रोंक लगाने तहसीलदार के यहां पत्र दिनांक 9 अक्टूबर 2025 को भेजा गया। हैरत की बात तो यह है कि एलसीसी कम्पनी का कार्य पूरी दबंगई के साथ चलता रहा। निर्माण कार्य बंद करने एलसीसी कम्पनी के मैनेजर को पत्र क्रमांक 539, दिनांक 28 अक्टूबर 2025 को भेजा गया और 10 नवम्बर 2025 को न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए फिर भी कार्य नहीं रुका और निर्माण लगातार होता रहा। तत्संबंध में ग्राम पंचायत पटना की सरपंच द्वारा भी बाणसागर नहर मार्ग के किनारे एलसीसी कम्पनी द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य पर एमपीआरडीसी रीवा की ओर से जल निगम महाप्रबंधक सीधी को पत्र भेजकर 1 करोड़ 61 लाख 1518 रुपए क्षतिग्रस्त सडकों की मरम्मत के लिए मांग की गई।

जल निगम के लिए गले की फांस बनी एलसीसी की दबंगई

एमपीआरडीसी ने पाइप लाइन बिछाने एलसीसी द्वारा बिना अनुमति क्षतिग्रस्त की गई सड़क को लेकर डेढ़ करोड़ से अधिक के क्षतिपूर्ति राशि देने जल निगम को लिखा स्मरण पत्र

फाओअप नवभारत

सीधी 11 अप्रैल। एमपीआरडीसी ने पाइपलाइन बिछाने एलसीसी द्वारा बिना अनुमति क्षतिग्रस्त की गई सड़क को लेकर डेढ़ करोड़ से अधिक के क्षतिपूर्ति राशि देने जल निगम को स्मरण पत्र लिखा है। जल निगम के लिए एलसीसी को दबंगई गले की फांस बन गई है।

गौरतलब है कि मध्यप्रदेश जल निगम नर्मदाट सीधी की ओर से ठेकेदार मेसर्स एलसीसी कम्पनी द्वारा सीधी जिले के बपहार अंचल में जल पाइप लाइन बिछाने का कार्य मनमानी तरीके से किया जा रहा है। ठेकेदारा द्वारा कार्य को जल से जल पूर्ण करने के लिये भारी मशीनरी का उपयोग करने से जगह-जगह सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। शिकायत मिलने पर म.प्र. सड़क विकास निगम लिमिटेड रीवा मंडल के संभागीय प्रबंधक अंशुल कपोटिया द्वारा दिनक 17 फरवरी 2026 को परिपत्रीय सड़क का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि ठेकेदार मेसर्स एलसीसी द्वारा विभाग से बिना अनुमति प्राप्त किये अवैध रूप से जल पाइप लाइन बिछा रहा है। क्षतिग्रस्त सड़क की तत्काल मरम्मत के लिये 1 करोड़ 61 लाख 1518 रूपये की क्षतिपूर्ति राशि कार्यालय में शीघ्र जमा करने के लिये जल निगम सीधी के महाप्रबंधक को 18 फरवरी 2026 को पत्र भेजा। जिस कोई जवाब जल निगम के महाप्रबंधक को आज से 9 दिने पर एमपीआरडीसी रीवा को और से 9 अप्रैल 2026 को स्मरण पत्र भेजा गया है।

कलेक्टर सहित वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा पत्र

एमपी रोड डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड रीवा मंडल के महाप्रबंधक द्वारा जल निगम सीधी के अधीन कार्य कर रही मेसर्ससीसी कम्पनी की मनमानी को लेकर कलेक्टर सहित वरिष्ठ अधिकारियों को भी पत्र भेजा गया है। पत्र में कहा गया है कि ठेकेदार मेसर्स एलसीसी कम्पनी द्वारा विभाग से बिना अनुमति प्राप्त किये अवैध रूप से जल पाइप बिछाया जा रहा है। पाइप बिछाने के कार्य में सड़क को भारी क्षति पहुंची गई है, जिसका 1 करोड़ 61 लाख 15 18 रूपये की क्षतिपूर्ति राशि जमा करवाई जाय।

जल निगम महाप्रबंधक का नही उठा फोन

जल निगम सीधी के महाप्रबंधक नीरज अग्रवाल द्वारा मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड रीवा के क्षतिपूर्ति की लेकर आवश्यक क्षतिपूर्ति राशि के संबंध में कई बार पत्र का कार्य एक महीने में भी जवाब देने की क्षमता नहीं सम्पूर्ण थ्रं। जिस पर मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड रीवा के द्वारा 9 अप्रैल को स्मरण पत्र जारी किया गया। लेकिन में जल निगम के महाप्रबंधक से क्रमशः पत्र लगने का प्रयास किया तो क्रमशः फोन नहीं उठा।

एलसीसी को मिला जल निगम का संरक्षण

जल निगम के निर्देशन में एलसीसी कंपनी द्वारा नल जल योजना का कार्य बघवारांचल में किया जा रहा है। कंपनी की ओर से आरंभ से बनी मनमानी को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। यहां तक कि एमपीआरडीसी में बिना अनुमति बेला-गोविंदगढ़-चुरहट सडक़ को खोदकर अवैध रूप से बिछाई गई पाइप लाइन के संबंध में 18 फरवरी 2026 को जल निगम सीधी के महाप्रबंधक को पत्र भेजकर 1 करोड़ 61 लाख 1518 रुपए की मांग की जिससे क्षतिग्रस्त सड़कों का सुधार कराया जा सके। हैरत की बात तो यह है कि जल निगम के महाप्रबंधक नीरव अग्रवाल की ओर से एमपीआरडीसी रीवा के भेजे गए पत्र का जवाब तक देने की जरूरत नहीं समझी जा रही है। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि जल निगम की ओर से एलसीसी कंपनी को पूरी मनमानी के साथ काम करने की छूट दी गई है। तत्संबंध में एमपीआरडीसीए मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी सिलपराए बाणसागर की ओर से कई बार लिखित रूप से आपत्ति जताई गई है। फिर भी जल निगम इस मामले में पूरी तरह निष्क्रिय बना हुआ है। अनौपचारिक रूप से संबंधित विभागों से एलसीसी कंपनी के नुमाइंदे यही कहते हैं कि जो काम कर रहे हैं वह भी सरकारी है।

इनका कहना है

बाणसागर जल विद्युत परियोजना की भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर पानी टंकी का निर्माण शुरू करने के मामले में एलसीसी कम्पनी को नोटिस उनके यहां से जारी की गई थी। आगे क्या कार्यवाही हुई यह फाइल देखकर बता पाऊंगा।

आशीष मिश्रा, तहसीलदार, तहसील रामपुर नैकिन

तहसीलदार रामपुर नैकिन द्वारा सुनवाई हेतु जारी नोटिस का जवाब भेज दिया गया था। जिसके उपरांत कार्य पर लगाई गई रोंक पर तहसीलदार द्वारा कम्पनी के पक्ष में स्थगन दिया गया जिसके बाद कार्य किया गया।

प्रकाश सिंघई, महाप्रबंधक एलसीसी प्रोजेक्ट लिमिटेड

ग्राम पंचायत पटना क्षेत्र में जल निगम मर्यादित सीधी के संविदाकार एलसीसी प्राइवेट लिमिटेड प्रोजेक्ट सीधी द्वारा बिना अनुमति के मप्र बाणसागर जल विद्युत परियोजना की शासकीय भूमि में अतिक्रमण कर बनाई जा रही टंकी निर्माण कार्य में रोंक लगाने अधीक्षण यंत्री सिविल 3 मप्रपाज कं.लि. सिलपरा कार्यालय का पत्र संलग्न कर न्यायालय तहसीलदार रामपुर नैकिन जिला-सीधी में लिखित आवेदन दिया गया था। जिस पर तहसीलदार रामपुर नैकिन द्वारा निर्माण कार्य में रोंक लगाई गई फिर बाद में रोंक हटा दी गई। जबकि आज तक मप्र बाणसागर जल विद्युत परियोजना के अनुमति लिए बिना पटना में टंकी का निर्माण कर दिया गया।

राजकुमारी पाव, सरपंच ग्राम पंचायत पटना

किराना दुकान से नाबालिग ने युवती के पर्स से गायब किया नकदी व जेवरात

नवभारत न्यूज

मझौली,23 अप्रैल। जिले के मझौली थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर परिषद मझौली के मेन मार्केट राम मंदिर तिराहे के पास संचालित किराना दुकान से आज 23 अप्रैल को दोपहर लगभग 12:30 बजे युवती अपने पिता के साथ बहन की तिलक ले जाने के लिए सामान खरीदने आई हुई थी। जहां उसके पर्स से नकदी व जेवरात पार कर दिया।

किराना दुकान में सामान ले रही थी जो कि पर्स से एक छोटा पर्स जिसमें सोने के आभूषण मनचली एवं झुमका तथा 1000 रुपये डाली हुई थी। एक लड़का आया और उसके पर्स से छोटा बटुआ पार कर दिया। लगभग 20-25 मिनट बाद जब युवती क्रय की गई सामग्री का पैसा देने के लिए पर्स देखती है तो छोटा पर्स गायब था। सीसीटीवी फुटेज देखने पर एक नाबालिक उसके पर्स से पर्स निकलती दिखाई दे रहा है।

जिसकी फरियाद मझौली थाने में दर्ज कराई गई है लेकिन अभी तक नाबालिक चोर पुलिस के पकड़ से बाहर बताया जा रहा है। पीड़ित युवती एवं उसके पिता होरिल केवट निवासी ग्राम पंचायत देवरी थाना मझौली द्वारा सीसीटीवी फुटेज के वीडियो फोटो तथा थाने में दिए गए लिखित आवेदन पत्र उपलब्ध कराते हुए बताया कि छोटी बच्ची की शादी कर रहा हूं। 28 अप्रैल 2026 को बारात आने वाली है, आज तिलक लेकर जाना था जिसके लिए सामान खरीदने मझौली आया था। राम मंदिर तिराहे के पास जगन्नाथ किराना दुकान में सामान खरीदा। जब सामान का पैसा देने के लिए पर्स से पैसे निकालने लगे तो छोटा पर्स जिसमें सोने की एक मनचली, एक झुमका जिसका वजन लगभग डेढ़ तोले एवं कीमत दो लाख रूपये से ऊपर आंकी जा रही है साथ ही 1000 रुपये नगदी गायब था। दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज देखने पर एक नाबालिक लड़का आया और कंधे में लटक रहे पर्स से एक छोटा पर्स निकाल लिया। अब देखना होगा कि मझौली मार्के में लुटेरों के साथ महिलाओं एवं नाबालिक लुटेरों का आतंक कब तक जारी रहता है और प्रशासन क्या रुख अपनाता है?

जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रस्तावित भ्रमण में नारी शक्ति वंदन चौपाल कार्यक्रम, तिथियां निर्धारित

नवभारत न्यूज

सीधी 23 अप्रैल। सीईओ जिला पंचायत सीधी शैलेन्द्र सिंह सोलंकी ने बताया कि जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रस्तावित भ्रमण के अंतर्गत जनपद पंचायत सिहावल क्षेत्र में नारी शक्ति वंदन चौपाल कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 4 मई 2026 को तेन्दुहा क्रमांक-1, 7 मई को डमक, 11 को बघोर, 14 को खोरवाटोला तथा 19 मई 2026 को खुटेली में सायं 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक चौपाल का आयोजन किया जाएगा। सीईओ श्री सोलंकी ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिहावल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत सिहावल को निर्देशित किया है कि निर्धारित तिथियों में आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों में संबंधित खंड स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए, ताकि कार्यक्रम का सुचारू एवं प्रभावी संचालन हो सके।

क्रिकेटर्स हब अकादमी के खिलाड़ियों ने क्रिकेट में सीधी का बढ़ाया मान

नवभारत न्यूज

सीधी 23 अप्रैल। क्रिकेटर्स हब अकादमी के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न स्तरों पर चयन प्राप्त कर सीधी का नाम रोशन किया है। अकादमी के कई खिलाड़ियों का अलग-अलग आयु वर्ग की टीमों में चयन हुआ है, जो संस्था की उत्कृष्ट प्रशिक्षण व्यवस्था का परिणाम है।

अकादमी से जुड़े खिलाड़ियों में आर्यन तिवारी का सीके नायडू एमपीसीए की अंडर-23 टीम में चयन हुआ है। वहीं आकाश पनिका को सीनियर वर्ग में एमपीसीए की इमर्जिन कैम्प के लिए चुना गया है। इसी क्रम में ध्रुव पटेल का अंडर-19 रेस्ट ऑफ एमपी टीम में चयन हुआ है जबकि विजय मौर्य कोरी अंडर-13 रेस्ट ऑफ एमपी टीम में चयन हुआ है। इसी प्रकार बालिकाओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए छवि सिंह चौहान ने गर्ल्स अंडर-15 वर्ग में एमपी कैम्प के लिए चुनी गई है। अकादमी के अन्य खिलाड़ियों में आशीष पटेल अंडर 23, पंकज पटेल और उदित राज मौर्या का चयन अंडर-19 डिवीजन टीम में हुआ है।

इसके अलावा पीयूष पाण्डेय सीनियर डिवीजन टीम का हिस्सा बने हैं जबकि सिद्धांत सिंह परिहार का चयन अंडर-14 स्कूल नेशनल टीम में हुआ है। इसके अलावा आदित्य राज मौर्य, अभिनव पाण्डेय, अथर्व वेद तिवारी, अभिषेक प्रताप बंसल, विजय मौर्य कोरी भी अंडर 14 स्कूल की संभागी टीम तथा अशीम रंजन मिश्रा और उत्सव सिंह ने स्कूल स्टेट अंडर 17 में चयन हुआ है। अकादमी के कोच अवनीश सोंधिया और प्रबंधक अभिनव सिंह चौहान ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

मड़वास रेलवे स्टेशन में साप्ताहिक ट्रेनों के स्टॉपेज को लेकर प्रबंधक को सौंपा गया ज्ञापन

नवभारत न्यूज

मड़वास 23 अप्रैल। जिले मड़वास रेलवे स्टेशन में साप्ताहिक ट्रेनों के स्टॉपेज के लिए रॉयल राजपूत संगठन मड़वास अध्यक्ष लवकेश सिंह लकी के नेतृत्व में मड़वास क्षेत्रवासियों के द्वारा रेलवे स्टेशन प्रबंधक मड़वास को रेल मंत्री के नाम से मांग पत्र सौंपा गया।

मांग पत्र में उल्लेख किया गया है कि सीधी जिले में एकमात्र रेलवे स्टेशन मड़वास ग्राम कटनी-चोपन रेलखण्ड में स्थित है। साथ ही मड़वास मझौली जनपद की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत है एवं आसपास के क्षेत्र का व्यापारिक केन्द्र है। यहां तहसील एवं थाना मुख्यालय भी स्थित है। मड़वास रेलवे स्टेशन से कई रेलगाड़ियों का प्रतिदिन/ साप्ताहिक संचालन होता है लेकिन सीधी जिले का एकमात्र रेलवे स्टेशन होने के बावजूद भी यहां कई रेलगाड़ियों का ठहराव नहीं किया जा रहा है जिससे जिलेवासियों की विशेष मांग है कि मड़वास रेलवे स्टेशन में उक्त रेल सुविधा का समुचित लाभ/आवागमन की सुविधा प्रदान किया जाय।

मड़वास रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली किन्तु मड़वास रेलवे स्टेशन में न ठहरने वाली रेल गाड़ियों में 03379/ 03380 धनबाद जंक्शन-मुम्बई एलटीटी, 19607/19608 कोलकाता-मदार जंक्शन, 19413/ 19414 अहमदाबाद जंक्शन-कोलकाता, 18009/18010 संतरागाछी जंक्शन-अजमेर जंक्शन, 09619/ 09620 अजमेर जंक्शन-रांची जंक्शन, 13025/ 13026 हावड़ा जंक्शन-भोपाल जंक्शन, 08611/08612 संतरागाछी जंक्शन-अजमेर जंक्शन शामिल है। इन सभी ट्रेनों का स्टॉपेज किया जाए। लवकेश सिंह लकी ने स्टेशन प्रबंधक को मांग पत्र सौंपते हुए कहा कि आप हमारी मांगों को अपने वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाएं, साथ ही कहां कि मड़वास स्टेशन में पार्सल गोदाम, यात्री प्रतीक्षालय, कैंटीन, पेयजल की व्यवस्था कराया जाए। ज्ञापन पत्र सौंपने में प्रमुख रूप से विमल तिवारी, मो.नासिर, आलोक सिंह, संदीप सोनी, विक्रांत सिंह, धर्मेन्द्र गुप्ता सिंटू, सूरज गुप्ता, शुभम मिश्रा, कपिल गुप्ता, कमलेश यादव, मो.तौफीक लकी, डीके सिंह, शुभम कुशवाहा, बबलू तिवारी, सनी सिंह, विक्रम सिंह चंदेल, रतन सिंह, मो.सलमान खान, जानी वर्मा, उत्तम केवट महखोर, करण वर्मा, रुस्तम खान, शिवा वर्मा इत्यादि ग्रामीणजन भारी संख्या में उपस्थित रहे।

प्रतिभा का सम्मान, उज्ज्वल भविष्य की ओर कदम

नवभारत न्यूज

कुसमी 23 अप्रैल। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भदौरा जिला सीधी में 22 अप्रैल को प्रतिभावान विद्यार्थियों के सम्मान में गरिमामयी समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर वर्ष 2025-26 की हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य बी.के.पनिका द्वारा विद्यार्थियों को मिष्ठान खिलाकर, मेडलए स्मृति चिह्न एवं पेन भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह आयोजन विशेष रूप से छोटी कक्षाओं के विद्यार्थियों को प्रेरित करने के उद्देश्य से किया गया ताकि वे भी आगे बढ़कर शैक्षणिक उत्कृष्टता की ओर अग्रसर हों। विद्यालय प्रबंधन का लक्ष्य है कि आने वाले समय में संस्था शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति करते हुए प्रदेश स्तरीय मेरिट सूची में अपना स्थान बनाए और पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित करें। यह आयोजन विद्यालय परिवार के लिए उत्साहवर्धक एवं प्रेरणादायी सिद्ध होगा।

नेशनल लोक अदालत के संबंध तहसील न्यायालय चुरहट की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

सीधी 23 अप्रैल। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में आगामी नेशनल लोक अदालत 9 मई 2026 का आयोजन जिला न्यायालय सीधी तथा सिविल न्यायालय चुरहट, रामपुर नैकिन एवं मझौली में किया जावेगा।

उक्त नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु तथा उसमें रखे जाने वाले प्रकरणों एवं आवश्यक तैयारियों के संबंध में आज 23 अप्रैल को तहसील न्यायालय चुरहट में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी प्रयाग लाल दिनकर की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में न्यायिक अधिकारीगण विभिन्न विभागों के पीठासीन अधिकारियों, अधिवक्ता संघ के समस्त पदाधिकारीगण तथा अन्य अधिवक्तागणों के माध्य आपसी समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक प्रकरणों को चिन्हित करने, पक्षकारों को लोक अदालत के लाभों से अवगत कराने तथा त्वरित, सुलभ एवं किफायती न्याय उपलब्ध कराने पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही सभी संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करते हुए लोक अदालत को जनहितकारी बनाने हेतु सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुकेश कुमार शिवहरे, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी राहुल त्रिपाठी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुश्री वर्षा भलावी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुश्री विजया विश्वकर्मा, जिला विधिक सहायता अधिकारी मनीष कौशिक सहित अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संतोष पाण्डेय, तहसीलदार चुरहट श्रीमती साक्षी गौतम, सचिव अधिवक्ता संघ हेमराज पटेल, अधिवक्तागण अदित्यभान सिंह, विनोद सिंह, अविनाश शुक्ला, अरूण तिवारी, बी.एन.गिरी, पंकज पाण्डेय, अविनाश शुक्ला, राजीव गुप्ता, शिवाकांत सिंह पटेल एवं न्यायालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

मार्केट वैल्यू से ग्रामीण क्षेत्रों में भी मिलेगा चार गुना मुआवजा : देव कुमार

नवभारत न्यूज

सीधी 23 अप्रैल। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने इस वर्ष को किसान वर्ष के रूप में मनाते हुए ग्रामीण क्षेत्र के किसानों को मिलने वाले मुआवजा की राशि चार गुना करने पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के तत्वाधान में स्थानीय पार्टी कार्यालय में गाजे बाजे एवं शानदार आतिशबाजी के बीच मिठाइयां बांटकर खुशियां मनाई गई।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भू अधिग्रहण के बदले मार्केट वैल्यू की तुलना में किसानों को अब चार गुना अधिक मुआवजा मिलेगा, यह निर्णय मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की किसानों के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाता है। किसान मोर्चा के प्रदेश आईटी प्रभारी प्रमोद द्विवेदी ने कहा कि किसान वर्ष में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का यह कदम किसानों के लिए मास्टर स्ट्रोक साबित होगा।

ग्रामीण क्षेत्रों में भी अब किसानों को जमीन अधिग्रहण के बदले चार गुना मुआवजा मिलेगा, जिससे वे और अधिक समृद्धशाली होंगे।

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के इस कदम कि जिले के सभी किसान तारीफ करते हुए हर्षित हैं। सभी ने मुख्यमंत्री डॉ.यादव का के प्रति आभार ज्ञापित किया है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू राम जी सिंह, जिला उपाध्यक्ष विश्व बंधु धर द्विवेदी सहित भाजपा के जिला पदाधिकारी व किसान मोर्चा के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अवनि-नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा समापन कार्यक्रम कल

नवभारत न्यूज

सीधी 23 अप्रैल। अवनि-नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के समापन अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम 25 अप्रैल को पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चुरहट में सायं 4 से 6 बजे तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए कलेक्टर द्वारा विभिन्न अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। जारी आदेशानुसार सीईओ जिला पंचायत सीधी शैलेन्द्र सिंह सोलंकी को कार्यक्रम का नोडल अधिकारी बनाया गया है जबकि जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास प्रवेश मिश्रा को सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सीएमएचओ डॉ.बबिता खरे को स्वास्थ्य शिविर आयोजन, सीएमओ सीधी को नगर परिषद चुरहट के माध्यम से आवश्यक सहयोग सुनिश्चित करने, एसडीओपी चुरहट रवि प्रकाश को रैली आयोजन की व्यवस्था, तहसीलदार चुरहट सुश्री साक्षी गौतम एवं रजनीश तिवारी को कार्यक्रम में समन्वय एवं सहयोग की जिम्मेदारी दी गई है।

कलेक्टर ने बहरी तहसील क्षेत्र में किया व्यापक निरीक्षण एवं जनसंवाद

व्यवस्थाओं का लिया जायजा, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

नवभारत न्यूज

सीधी 23 अप्रैल। कलेक्टर विकास मिश्रा द्वारा जिले की बहरी तहसील अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर विकास कार्यों, शासकीय योजनाओं एवं जनसुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं, उपार्जन व्यवस्था, निर्माण कार्यों एवं ग्रामीण विकास गतिविधियों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बहरी का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने मरीजों एवं उनके परिजनों से चर्चा कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। परिजनों द्वारा दिए गए सकारात्मक फीडबैक के आधार पर कलेक्टर ने चिकित्सकों एवं स्टॉफ की सराहना की तथा उन्हें सेवा भाव के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने पतुलखी स्थित गेंहू उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने उपार्जन कार्य की व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए किसानों के हित एवं सुविधाओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। साथ ही समय पर तौल, भुगतान एवं सुव्यवस्थित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने लौआ में निर्माणाधीन आईटीआई भवन का भी निरीक्षण किया।

उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता एवं तत्परता बरती जाए। इसके अलावा ग्राम पंचायत देवगवां का निरीक्षण कर कलेक्टर ने पंचायत स्तरीय योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उपखंड अधिकारी राजेश शुक्ला सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

चंदवाही वृंदावन ग्राम के लिए चयनित

चंदवाही में आयोजित जनचौपाल के दौरान कलेक्टर ने आमजनों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने बताया कि चंदवाही ग्राम का चयन वृंदावन ग्राम के रूप में किया गया है, जिसके तहत ग्राम के समग्र एवं मॉडल विकास के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे।